P.C.S (J) 2009 Mains

*No. of Printed Pages :* **3**

**JMP-2**

# 2009

## भाषा

## LANGUAGE

***निर्धारित समय : तीन घण्टे]*** ***[ पूर्णांक : 100***

***Time allowed : Three Hours]*** ***[Maximum Marks : 100***

**Part – I (भाग – 1)**
**(English Passage)**

1. Translate into the ordinary language spoken in the courts using Devanagri Script :

The move towards inclusive social order is considered beneficial for the society as a whole. It makes the society fraternal. 'Fraternity' is one of the most cherished objectives enshrined in the Preamble of the Constitution. Fraternity promotes a sense of common brotherhood of all Indians and of India being one. To bring about and inculcate this feeling of commonness is all the more imperative in the Indian society, because the social order here is typically characterized by "stratification" and "caste differentiations", based upon "ascribed", "pollution-purity", principle. The stratified social situation is compounded further by extreme socio-economic disparities and community differences. All such differentiating and dividing factors are "deeply engrained into everyday social relations".

Although encouraging developmental changes have taken place after India's Independence, and any discrimination only on grounds of caste is constitutionally prohibited, nevertheless "considerations along the ascriptive lines still remain important markers, both at the public and private domains". Not that the people belonging to lonely castes are not aware that they are being suppressed and subjected to all sorts of undue disadvantages, yet they have suffered silently, "for generations for fear of offending the privileged strata".

For orderly, peaceful and progressive living, the participation of all the segments of society, including the backward classes of citizens, is highly desiderated. This is in the interest of all. There are at least two principal advantages of the "inclusive social order". One it would instantly augment the pool of 'human resource development', thereby adding to "pool of social assets for general good" and the other advantage is that it results in increasing "set of resemblances" which in turn promotes, what is tersely termed as, "inter-subjectivity" amongst the members of the community in their "everyday lives". In this process, fraternal values of citizenship gain materiality and fulfillment.

In this respect, the reservation is not to be construed as a measure of 'charity' or giving 'doles'. "Reservations are only meant to create a measure of confidence and dignity among those who did not dare dream of an alternative life. Of course for realizing this objective, the State is duty-bound to make massive investments for providing quality education that would equip the beneficiary of reservation with "socially valuable skills", which would enable them to produce the same results as are produced by the privileged ones.

**Part – II (भाग – 2)**

**(Hindi Passage)**

2. Translate the following Hindi passage into ordinary English language :

बाल्यावस्था में जिस प्रकार मस्तिष्क दोषपूर्ण कार्य को अतिशीघ्र ग्रहण करने की प्रवृत्ति रखता है उसी प्रकार बाल्यावस्था में सीखने एवं सुधरने की संभावनाएँ भी अधिक होती हैं । बाल्यावस्था उस कच्ची मिट्टी के समान होती है जिसे मूर्तिकार जो चाहे वो स्वरूप प्रदान कर सकता है । इसलिये पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक परिस्थितियों के कारण यदि कोई बालक विधि-विरोधी कार्यों में संलग्न हो जाता है तो उसके सुधरने की संभावनाएँ अधिक रहती हैं । बालकों की आयु को ध्यान में रखकर उचित एवं अनुकूल वातावरण, उचित शिक्षा एवं मनोरंजन की सुविधा तथा मानवीय व्यवहार के माध्यम से उनकी आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सकता है । हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि एक विधि-विरोधी बालक भी देश का अच्छा नागरिक बन सकता है । अत: संयुक्त राष्ट्र संघ ने ऐसे विधि-विरोधी बालकों के साथ मानवतापूर्ण संव्यवहार करने, विधिक एवं समुचित सहायता तथा उसको अपने परिवार के साथ सम्पर्क बनाए रखने का अधिकार भी दिया है । किसी भी बालक के साथ अमानवीय क्रूरतापूर्ण व्यवहार नहीं किया जाएगा तथा इन विधि-विरोधी बालकों को मृत्युदण्ड अथवा आजीवन कारावास के दण्ड से भी संरक्षण प्रदान किया गया है । यद्यपि भारतीय संविधान के अन्तर्गत विधि-विरोधी बालकों को इस प्रकार का संरक्षण प्रदान नहीं किया गया है, परन्तु समय-समय पर भारतीय विधायिका द्वारा इस सम्बन्ध में पारित विधियों के माध्यम से इन बालकों के अधिकारों के अभिसमय के उद्देश्यों के अनुकूल संरक्षण प्रदत्त करने की व्यवस्था की है ।

बालकों की कोमल आयु को ध्यान में रखते हुये बालकों के मामले का विचारण सामान्य न्यायालयों से भिन्न किशोर न्यायालयों में करवाने के लिये तथा उचित संरक्षण प्रदान करने के लिये विधायिका ने सर्वप्रथम बालक अधिनियम, 1960, तत्पश्चात् किशोर न्याय अधिनियम, 1986 तथा वर्तमान में किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2000 पारित किया है । यह अधिनियम उपबन्धित करता है कि बालकों के मामलों का विचारण किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष किया जायेगा । इसके सदस्यों को बाल मनोविज्ञान या बाल कल्याण का विशेष ज्ञान एवं प्रशिक्षण प्राप्त होगा । बालकों को निरुद्ध करने के लिये संप्रेषण गृह एवं विशेष गृह की स्थापना की जाएगी । विधि-विरोधी किशोर की गिरफ्तारी करने के लिये विशेष किशोर पुलिस यूनिट का गठन किया जाएगा । इस अधिनियम के अन्तर्गत माता-पिता का संरक्षण अथवा परिवीक्षा अधिकारी को सूचना देना तथा मृत्युदण्ड अथवा आजीवन कारावास के दण्ड से संरक्षण प्रदान किया गया है ।

यद्यपि किशोर न्याय अधिनियम, 2000 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंगीकृत बालकों के अधिकारों का अभिसमय 1989 एवं बीजिंग नियमावली 1985 के लगभग सभी उपबन्धों को समेकित किया गया है, परन्तु व्यवहार में उनका क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है । आज भी प्रत्येक राज्य के प्रत्येक जिले में संप्रेषण गृहों एवं विशेष गृहों का अभाव है अथवा यदि वे हैं तो उनकी स्थिति बालकों को मानवीय वातावरण उपलब्ध कराने के लिये अनुपयुक्त हैं । अत: इन विधि-विरोधी बालकों के संतुलित विकास एवं योग्य नागरिक के रूप में विकसित करने के लिये सुधार आवश्यक हैं । जिससे वे राष्ट्र के निर्माण में सहभागीदारी निभा सकें ।

## Part – III (भाग – 3)

3. Write a précis in English of the following passage :

Judiciary is what judiciary does which in turn depends on the matters brought before it by the litigant public. In a country in which one-third of the people are illiterate and live below the poverty line, it is natural that the court system is being used mostly by well-to-do sections to agitate their claims. The system expects people to know their rights and assert their claims according to the legally prescribed procedures, which indeed is beyond the capacity of one-third population being poor and illiterate. The language and procedure of law is alien to their culture and they do not have the resources to fight long drawn procedures in courts. Legal aid can also help only if it is sought and people do not know from where they can get it and how. Indeed, adversarial adjudication is heavily loaded in favour of the urban middle and upper classes. It is in this context, the Indian judiciary invoked "activism", relaxed the ***locus standi*** doctrine, entertained letter petitions from public-spirited individuals on behalf of groups of disadvantaged people, mobilized court-appointed commissioners to ascertain facts and gather evidence, and developed social-context reliefs and remedies unknown to jurisprudence in the past. The rational for court intervention was the constitutional jurisdiction provided for enforcement of fundamental rights under Article 32 of the Constitution, and the power of judicial review of executive/legislative action. So was born judicial activism and public interest litigation in the 1980s which, while enlarged the capacity of higher courts to reach justice to vast sections of people who otherwise would not have received it, also brought the judiciary in direct conflict with the other two branches of Government. Volumes have been written on the subject in support and against this aspect of courts' functioning and no assessment of judiciary is complete without appraisal of the role of court in this regard.

Though it is difficult to generalize, a student of Indian judiciary can discern at least two fundamental shifts in its approach to issues of constitutional governance and judicial protection of human rights. If in the first 25 years after Constitution, the court was largely conservative and positivist in its approach, in the next 25 years, the court was liberal and activist thereby infusing a new life in the working of the Constitution with a central role assigned to judiciary itself. Of course, it disturbed the pre-existing balance of powers and raised sharp criticism both from the executive and the legislature. The people by and large welcomed the shift, rose in defense of the judiciary and thereby thwarted attempts to contain the expansive judicial review jurisdiction of courts. The popular support was so intense and widespread that the Government could do nothing even when the court so interpreted the provisions of judicial appointments so as to effectively exclude any executive role in it. It is interesting to see how the judiciary came to exercise such near absolute power probably not envisaged by the framers of the Constitution.

---

# 2009

## अद्यतन ज्ञान

## THE PRESENT DAY

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 150*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 150*

*नोट :* *(i) अभ्यर्थी सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर दें ।*

*(ii) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

*Note :* *(i) Candidates should attempt all the five questions.*

*(ii) All questions carry equal marks.*

1. (क) संविधान उद्देशिका संविधान निर्माताओं के मन की कुञ्जी है और संविधान में बहुत से उपबंध विशेष उद्देश्यों से दिये जाने को दर्शाती है । उद्देशिका का महत्त्व इस वक्तव्य के प्रकाश में विनिश्चित वादों के आधार पर स्पष्ट कीजिये ।

(ख) भारतीय संविधान न तो बिलकुल संघात्मक है और न ही बिलकुल एकात्मक, बल्कि दोनों का मिश्रण है । संविधान में दिये गये उपबंधों के आधार पर इस वक्तव्य को स्पष्ट कीजिये ।

(a) Preamble to the Constitution is a key to open the mind of the makers and shows the general purposes for which they made the several provisions in the Constitution. Explain the importance of the Preamble in the light of this statement with the help of decided cases.

(b) The Constitution of India is neither purely federal nor purely unitary but a combination of both. Explain this statement on the basis of provisions provided in the Constitution.

2. (क) घरेलू हिंसा अधिनियम उसी स्तर की सुरक्षा विवाह के समान रहने वाली औरत को प्रदान करता है जो विवाहित औरत को मिलती है । इस वक्तव्य की विनिश्चित वादों के आधार पर आलोचनात्मक समीक्षा कीजिये ।

(ख) होमोसेक्सुआलिटी प्रकृति के विरुद्ध है । इसे वैध मानना विवाहित संस्था को प्रभावित करता है । कानूनी उपबंधों के प्रकाश में इस वक्तव्य की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिये ।

(a) The Domestic Violence Act accord the same level of protection to a woman who is married and a woman who is in a live-in relationship. Critically examine this statement with the help of decided cases.

(b) Homo-sexuality is unnatural and legalizing it would affect the Institution of Marriage. Critically examine this statement with the help of legal provisions.

3. (क) तटस्थ राज्यों के अधिकारों और कर्त्तव्यों की समीक्षा अन्तर्राष्ट्रीय कानून के अन्तर्गत आधुनिक परिस्थितियों के प्रवेश में कीजिये ।

(ख) अन्तर्राष्ट्रीय विधि के अन्तर्गत प्रत्यर्पण सिद्धान्त की विवेचना कीजिये । इसके पूर्व प्रतिबंध क्या हैं ?

(a) In the light of present circumstances examine the rights and duties of neutral States under Public International Law.

(b) Discuss the principle of extradiction under Public International Law. What are its pre-conditions ?

4. (क) दंड प्रक्रिया संहिता को औरत सहयोगी बनाने हेतु बलात्कार अभियोगों का विशेष उल्लेख करते हुए संशोधन के सुझाव दीजिये ।

(ख) नगर का घेरा डाले सशस्त्र सेना ने उस नदी के जल में विष मिला दिया जिससे नागरिक पेय जल प्राप्त करते थे । क्या यह न्यायोचित था ? विषाक्त न करके यदि नदी को केवल अवरुद्ध कर दिया गया होता तो क्या अन्तर होता ?

(a) Give suggestions for the amendment of Cr. P.C. to make it more women friendly with special reference to trial of rape cases.

(b) An armed force besieging a town poisons a river which supply drinking water to its besieged. Is it justified ? What difference it would have made if the river was merely cut off and not poisoned ?

5. (क) पॉलिसी का चयन पॉलिसी निर्माता का निर्णय होता है न कि न्यायालय का । सारभूत विधि संगत प्रत्याशा सिद्धान्त को विनिश्चित वादों की सहायता से स्पष्ट करो ।

(ख) क्षमा शक्ति की प्रकृति और परिधि विनिश्चित वादों की सहायता से स्पष्ट कीजिये ।

(a) The choice of policy is for the decision of policy maker and not for the court. Explain the principle of Substantive Legitimate Expectation with the help of decided cases.

(b) Explain the nature and scope of pardoning power with the help of decided cases.

---

# 2009

## विधि-I
## (अधिष्ठापक विधि)

## LAW-I
## (Substantive Law)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 200*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 200*

*नोट : अभ्यर्थियों को प्रश्न संख्या 1 एवं 2 करना अनिवार्य है तथा अन्य कोई* ***चार*** *प्रश्न हल करने हैं । कुल* ***छह*** *प्रश्न हल करने हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।*

***Note :*** *Candidates should attempt Question Nos. 1 and 2 as compulsory and not more than four of the remaining ones. Total six questions are to be attempted. Marks carried by each question are indicated at its end.*

1. (अ) राइलैण्ड्स ब. फ्लेचर का नियम क्या है ? यह नियम भारत में कहाँ तक लागू है ? उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्णीत वादों का हवाला दीजिए । **20**

   (ब) निम्नलिखित में अन्तर स्पष्ट कीजिए :

   (i) प्रवंचना और उपेक्षापूर्ण दुर्व्यपदेशन **10**

   (ii) उचित आलोचना और सापेक्ष विशेषाधिकार **10**

   (a) What is the Rule of Rylands v. Fletcher ? To what extent the Rule is applicable in India ? Refer to cases decided by the Supreme Court. **20**

   (b) Distinguish between the following :

   (i) Deceit and Negligent Misrepresentation **10**

   (ii) Fair Comment and Qualified Privilege **10**

2. (अ) उन सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए जिनके अनुसार संविदा भंग के मामले में नुकसानी की मात्रा निर्धारित की जाती है । **20**

   (ब) निम्नलिखित में अन्तर बताइए :

   (i) प्रतिफल के प्रति अजनबी और संविदा के प्रति अजनबी **10**

   (ii) गिरवी और उपनिधान **10**

   (a) State the principles according to which quantum of damages is determined in cases of breach of contract. **20**

   (b) Distinguish between the following :

   (i) Stranger to consideration and stranger to contract **10**

   (ii) Pledge and bailment **10**

3. (अ) 'शाश्वतता के विरुद्ध नियम' का क्या तात्पर्य है ? इस नियम के क्या अपवाद हैं ? 15

(ब) क्या निम्नलिखित अन्तरित किए जा सकते हैं ?

(i) अनुयोज्य दावे 8

(ii) मात्र वाद करने का अधिकार 7

(a) What is the meaning of 'Rule against perpetuity' ? What are exceptions to this Rule ? 15

(b) Are following transferable ?

(i) Actionable claims 8

(ii) A mere right to sue 7

4. (अ) आवश्यक सुखाचार किन सिद्धान्तों पर आधारित हैं ? 15

(ब) वे कौन से अधिकार हैं जो सुखाचार द्वारा नहीं प्राप्त किए जा सकते हैं ? 15

(a) On what principles easements of necessity are founded ? 15

(b) What are the rights that cannot be created by easement ? 15

5. (अ) "भारतीय भागीदारी अधिनियम ने रजिस्ट्रीकरण को बिना अनिवार्य किए हुए बड़े प्रभावी ढंग से फर्मों का रजिस्ट्रीकरण सुनिश्चित कर दिया है ।" विवेचना कीजिए तथा फर्म के रजिस्ट्रीकरण न करवाने के परिणामों का उल्लेख कीजिए । 15

(ब) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) व्यपदेशन करना 8

(ii) सीमित दायित्व भागीदारी अधिनियम, 2008 के उद्देश्य 7

(a) "Indian Partnership Act has effectively ensured the registration of firms without making it compulsory." Discuss and also mention the consequences of non-registration of a firm. 15

(b) Write short notes on the following :

(i) Holding out 8

(ii) Objects of the Limited Liability Partnership Act, 2008 7

6. (अ) किन परिस्थितियों में न्यास की समाप्ति सम्भव है ? न्यास की समाप्ति का न्यास-सम्पत्ति पर क्या प्रभाव पड़ता है ? 15

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) जो साम्या चाहता है वह साम्या को माने । 5

(ii) विलम्ब साम्या को पराजित करता है । 5

(iii) आंशिक पालन का सिद्धान्त । 5

(iv) चयन का सिद्धान्त । 5

(a) Under what circumstances a trust comes to an end ? What happens to trust property as a consequence of extinction of trust ? 15

(b) Write short notes on any **three** of the following :

(i) One who seeks equity must do equity. 5

(ii) Delay defeats equity. 5

(iii) Doctrine of part performance. 5

(iv) Doctrine of election. 5

7. (अ) उन अवस्थाओं की विवेचना कीजिए जिनमें एक हिन्दू पत्नी, पति से अलग रहते हुए भरण-पोषण का दावा कर सकती है । 15

(ब) हिन्दू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 के अधीन वैध दत्तक की आवश्यक शर्तें क्या हैं ? क्या एक हिन्दू किसी बच्चे को गोद ले सकता है, यदि उसका एक अधर्मज पुत्र है ? 15

(a) Discuss the conditions in which a Hindu wife, living separately from her husband, can claim maintenance from him. 15

(b) What are essential conditions of a valid adoption under the Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956 ? Can a Hindu adopt a child when he has an illegitimate son ? 15

8. (अ) क्या एक मुस्लिम पत्नी अपने पति को तलाक दे सकती है ? यहि हाँ, तो किन परिस्थितियों में ? क्या तलाकशुदा पत्नी अपने पति से पुन: विवाह कर सकती है ? 15

(ब) निम्नलिखित विवाहों की वैधता की विवेचना कीजिए :

(i) एक सुन्नी मुस्लिम एक ईसाई स्त्री से विवाह करता है । 5

(ii) एक शिया मुस्लिम किसी ऐसी तलाकशुदा सुन्नी स्त्री से विवाह कर लेता है जो इद्दत का पालन कर रही हो । 5

(iii) एक सुन्नी स्त्री किसी यहूदी पुरुष से विवाह करती है । 5

(a) Can a Muslim wife divorce her husband ? If so, under what circumstances ? Can a divorced wife remarry her husband ? 15

(b) Discuss the validity of the following marriages :

(i) A Sunni Muslim marries a Christian woman. 5

(ii) A Shia Muslim marries a Sunni divorced woman, observing iddat. 5

(iii) A Sunni woman marries a Jew male. 5

9. (अ) "भारतीय संविदा अधिनियम में 'शून्य' तथा 'अवैध' समझौतों का प्रभेद स्पष्ट और तर्कसंगत है ।" अधिनियम के उपबन्धों का उल्लेख करते हुए समझाइये । 15

(ब) 'पंद्यम संविदा' के आवश्यक तत्त्वों को स्पष्टतया समझाइये । यह सट्टे के सौदों से किस प्रकार भिन्न हैं ? उदाहरण सहित समझाइये । क्या ये दोनों संविदा विधि के अन्तर्गत विधिमान्य हैं ? 15

(a) "The distinction between 'void' and 'illegal' agreement under the Indian Contract Act is clear and logical." Explain referring to the Provisions of the Act. 15

(b) Explain clearly the essential elements of 'Wagering Contract'. How is it different from speculative transactions ? Explain with illustrations. Are both of these valid under the law of contract ? 15

10. (अ) मुस्लिम उत्तराधिकार के हनाफी और शिया विधियों में अवशिष्ट (असबात) लोगों की स्थिति की विवेचना कीजिए । 15

(ब) हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 14 द्वारा, हिन्दू स्त्रियों को प्रदत्त हितों के क्षेत्र का परीक्षण कीजिए । निर्णीत वादों का उल्लेख कीजिए । 15

(a) Discuss the position of residuaries (asabat) in Hanafi and Shia laws of Muslim inheritance. 15

(b) Explain the scope of the benefits conferred on Hindu woman by Section 14 of the Hindu Succession Act. Refer to decided cases. 15

# 2009

## विधि – II

**(साक्ष्य एवं प्रक्रिया)**

## LAW – II

**(Evidence and Procedure)**

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 200*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 200*

*नोट :* (i) *परीक्षार्थी को प्रश्न क्रमांक **1** और **चार** अन्य प्रश्न करने हैं । प्रत्येक खण्ड से **एक** प्रश्न करना अनिवार्य है । कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दिये गये हैं । हालाँकि **सभी** प्रश्नों के समान अंक हैं ।*

*Notes :* (i) *Candidate should attempt Question No. **one and four** more. At least **one** question must be attempted from each section. In all **five** questions are to be answered.*

(ii) *Marks carried by each question have been indicated against the questions. However, all questions carry equal marks.*

1. (अ) वादी 'अ' एक मकान का स्वामी है । उसके एक हिस्से में प्रतिवादी 'ब' रहता है । प्रतिवादी ने पिछले 10 (दस) महीने से मकान का किराया नहीं दिया है । वादी इस आधार पर मकान खाली कराना चाहता है और मकान का किराया वसूल करना चाहता है ।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर मकान खाली करने एवं बकाया किराया वसूल करने हेतु 'अ' की ओर से वादपत्र लिखिये । **30**

(ब) उपर्युक्त प्रश्न 'अ' के वादपत्र के उत्तर में प्रतिवादी की ओर से लिखित कथन का प्रारूप लिखिये । **10**

(a) Plaintiff 'A' is the owner of a house. In one of its portions, defendant 'B' resides. The defendant has not paid rent for last 10 months. On this very ground the plaintiff wants to get his house vacated and also to recover the arrears of rent. **30**

On the above facts, draft a plaint on behalf of 'A' for eviction and recovery of arrears of rent.

(b) Draft a written statement on behalf of 'B' in reply to the above plaint of 'A'. **10**

अथवा / OR

एक अभियुक्त को उपयुक्त आरोप लगाकर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 300-ब (दहेज मृत्यु) के अधीन अपराध के आधार पर दोष सिद्ध करते हुए एक निर्णय लिखिये । **40**

Write a judgment convicting the accused under Section 300-B of Indian Penal Code after framing appropriate charge for the offence. **40**

## खण्ड – अ
## SECTION – A

2. निम्न में भेद स्पष्ट कीजिये :
   (अ) एक डिक्री और एक आदेश । 20
   (ब) अपील और पुनरीक्षण 10
   (स) प्राङ्ग्न्याय का सिद्धांत और विबन्धन का सिद्धान्त । 10

   Distinguish between the following :
   (a) A decree and an order. 20
   (b) Appeal and revision. 10
   (c) Principle of Res Judicata and principle of Estoppel. 10

3. (अ) न्यायालय की अन्तर्निहित शक्तियों से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए और उदाहरण दीजिए । 20
   (ब) किन परिस्थितियों में प्रतिवादी की संपत्ति वाद के निर्णय के पहले कुर्क की जा सकती है ? 10
   (स) अस्थायी निषेधाज्ञा दीवानी अदालत कब जारी कर सकती है ? 10
   (a) What do you understand by inherent powers of the Court ? Explain and illustrate. 20
   (b) Under what circumstances the property of defendant can be attached before judgment ? 10
   (c) When can a temporary injunction be granted by a Civil Court ? 10

4. (अ) धारा 80 सिविल प्रक्रिया संहिता की सूचना में क्या-क्या तथ्य आवश्यक हैं ? यदि यह सूचना नहीं दी गयी तो सरकारी अधिकारियों के विरुद्ध दायर किये गये वादों पर क्या प्रभाव पड़ता है ? 20
   (ब) किन परिस्थितियों के अन्तर्गत विदेशी निर्णय निश्चयात्मक होता है ? 10
   (स) प्रतिनिधि वाद से आप क्या समझते हैं ? किसके द्वारा और किन परिस्थितियों में ऐसा वाद लाया जा सकता है ? स्पष्ट कीजिए । 10
   (a) What facts are essential in a notice under Section 80 Civil Procedure Code ? If no notice is served what will be the effect upon the suit against Government Officers ? 20
   (b) State the circumstances under which foreign judgment becomes conclusive. 10
   (c) What do you understand by a representative suit ? By whom and under what circumstances can such suit be brought ? Explain. 10

5. (अ) दीवानी प्रकृतिवाद अभिव्यक्ति की व्याख्या कीजिये । 20
   (ब) आन्वयिक प्राङ्न्याय क्या है ? यह कैसे उत्पन्न होता है ? इसकी बाध्यता की सीमा क्या है ? 10
   (स) अकिंचनवाद दायर करने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । 10
   (a) Explain the expression suit of Civil Nature. 20
   (b) What is 'Constructive Res Judicata, how it originates and what is extent of its bindingness ? 10
   (c) State the procedure for filing of a pauper suit. 10

## खण्ड – ब

## SECTION – B

6. (अ) सेशन विचारण प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण दीजिये । 20

(ब) कुछ ऐसे मामलों का वर्णन कीजिये जिनमें जमानत अधिकार के रूप में माँगी जाती है । 10

(स) कौन से आपराधिक मामलों में और किसके द्वारा संक्षिप्त विचारण का निर्धारण किया जाता है ? 10

(a) Describe in brief the procedure for Sessions Trial. 20

(b) Describe some of the cases in which bail can be claimed as a matter of right. 10

(c) What offences may be tried summarily and by whom ? 10

7. उदाहरण देते हुए निम्नलिखित के बीच भेद स्पष्ट कीजिए :

(अ) संज्ञेय और असंज्ञेय अपराध । 15

(ब) जमानती और गैर जमानती अपराध । 15

(स) जाँच एवं विचारण । 10

Illustrate and distinguish between

(a) Cognizable and non-cognizable offence. 15

(b) Bailable and non-bailable offence. 15

(c) Enquiry and trial. 10

8. (अ) 'आरोप' को परिभाषित कीजिये तथा आरोप के अन्तर्वस्तु (Contents) का विवरण दीजिये । 20

(ब) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 167 में विहित 'रिमाण्ड' की विधि की चर्चा कीजिये । 10

(स) न्यायालय सम्मन के बदले वारण्ट कब जारी कर सकता है ? 10

(a) Define 'charge' and enumerate the contents of the charge. 20

(b) State the Law of remand prescribed under Section 167, of the Code of Criminal Procedure, 1973. 10

(c) When can warrant be issued by a court in lieu of summons ? 10

9. निम्नलिखित को स्पष्ट कीजिये :

(अ) कुछ अवस्थाओं में मौन भी स्वीकृति हो जाती है । 10

(ब) पुलिस अधिकारी को दी गई संस्वीकृति अभियुक्त के विरुद्ध ग्राह्य नहीं होती है । 10

(स) 'मौखिक साक्ष्य' सभी मामलों में प्रत्यक्ष होना चाहिए । 10

(द) 'विवाद्यक तथ्य' किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिये । 10

Explain the following :

(a) 'Silence may sometimes amount to an admission'. 10

(b) 'No confession made to a police officer is admissible against the accused'. 10

(c) Oral evidence must be in all cases direct. 10

(d) What is 'fact in issue' ? Illustrate. 10

10. (अ) सूचक प्रश्न क्या होते हैं ? उन्हें कौन पूछ सकता है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिये । 10

(ब) गिरफ्तारी कैसे की जाती है ? उन परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए जिसमें एक प्राइवेट व्यक्ति भी गिरफ्तारी कर सकता है । क्या गिरफ्तार करने की शक्ति मृत्यु कारित करने का अधिकार प्रदान करती है ? स्पष्ट कीजिए । 10

(स) 'अनुश्रुत साक्ष्य साक्ष्य नहीं', स्पष्ट कीजिए । इसके अपवाद यदि कोई हैं, दीजिए । 10

(द) निर्णीत वादों के आधार पर विबन्ध (Estoppel) के सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिये । 10

(a) What are leading questions ? Who can put them ? Illustrate your answer. 10

(b) How arrest is made ? State the circumstances under which a private person also arrest. Does power to arrest give a right to cause death ? Explain. 10

(c) Hearsay evidence is no evidence. Explain and state the exceptions, if any. 10

(d) Explain the doctrine of Estoppel with the help of decided cases. 10

# 2009

## विधि – III

**(राजस्व और दण्डविधान)**

## LAW – III

**(Revenue and Criminal)**

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 200*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 200*

**नोट :** *अभ्यर्थी कुल मिलाकर **छह (6)** प्रश्नों का उत्तर दें, जिनमें खण्ड अ से प्रश्न संख्या 1 तथा कोई अन्य **दो** प्रश्न तथा खण्ड ब से प्रश्न संख्या 6 तथा कोई अन्य **दो** प्रश्न हों । प्रत्येक प्रश्न के लिये निर्धारित अंक उसके अन्त में दिए हुए हैं ।*

**Note :** *Candidates should answer **six** questions in all, out of which they should answer Question No. 1 and any other **two** questions from Group 'A' and Question No. 6 and any other **two** questions from Group 'B'. Marks carried by each question are indicated at its end.*

### खण्ड – अ

### GROUP – A

1. (अ) जमींदारी प्रथा का अन्त निहित और अनिहित प्रक्रिया द्वारा हुआ है । इस कथन की समीक्षा कीजिए । 20

(ब) जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम, 1950 के उद्देश्यों का संक्षेप में वर्णन कीजिए । 10

(स) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की व्याख्या कीजिए : 10
- (i) मध्यवर्ती
- (ii) आस्थान
- (iii) बाग भूमि

(a) Zamindari system has been abolished by vesting and divesting. Comment. 20

(b) Describe briefly the aims and objects of Zamindari Abolition and Land Reforms Act, 1950. 10

(c) Explain any two of the following : 10
- (i) Intermediary
- (ii) Estate
- (iii) Grove land

2. (अ) वे परिस्थितियाँ कौन सी हैं, जिनमें एक संक्रमणीय तथा असंक्रमणीय अधिकार वाले भूमिधर की जोत में उसका हित समाप्त हो जाता है ? वर्णन कीजिए । 15

(ब) किसी अनुसूचित जाति के व्यक्ति द्वारा, जो धारा 131-ख के अधीन संक्रमणीय अधिकारों वाला भूमिधर हो गया है, भूमि के संक्रमण करने पर निर्बन्धनों की विवेचना कीजिए । 15

(a) What are the circumstances in which the interest of a Bhumidhar with transferable and non-transferable rights in his holding is extinguished ? Describe. 15

(b) Discuss the restrictions on transfer of land by a member of scheduled caste who has become a Bhumidhar with transferable rights under Section 131-B. 15

3. (अ) किसी भूमिधर द्वारा अपनी भूमि का संक्रमण करने पर उत्तराखण्ड में कौन से निर्बन्धन हैं ? विवेचना कीजिये । 10

(ब) एक घोषणात्मक वाद क्या है ? यह वाद कब और किसके द्वारा दाखिल किया जा सकता है ? 10

(स) क्या एक असंक्रमणीय अधिकार वाला भूमिधर अपनी जोत की वसीयत कर सकता है ? एक वैध वसीयत के आवश्यक तत्त्व क्या हैं ? विवेचना कीजिए । 10

(a) What are the restrictions on transfer of land by a Bhumidhar in Uttarakhand ? Discuss. 10

(b) What is a declaration suit ? When and by whom it can be filed ? 10

(c) Can a Bhumidhar with non-transferable rights bequest his holding ? What are the requisites of a valid will ? Discuss. 10

4. (अ) किसी असंक्रमणीय अधिकार वाले भूमिधर की जोत कब और कैसे परित्यक्त मानी जा सकती है ? ऐसी भूमि कब पट्टे पर दी जा सकती है ? विवेचना कीजिए । 20

(ब) 'क' के पास 10 एकड़ भूमिधरी जमीन है और 'ख' के पास 3½ एकड़ जमीन है । 'ख' अपनी भूमि का विक्रय 'क' को कर देता है । क्या यह अंतरण वैध है ? सकारण उत्तर दीजिये । 5

(स) क्या कोई भूमिधर अपने संयुक्त खाते का बंटवारा कर सकता है ? क्या इस अधिकार पर कोई प्रतिबन्ध है ? 5

(a) When and how holding of a Bhumidhar with non-transferable rights may be treated as abandoned ? When can such land be let out on lease ? Discuss. 20

(b) 'A' has 10 acres of land and 'B' has 3½ acres. 'B' sells his land to 'A'. Is this transfer valid ? Answer with reasons. 5

(c) Can a Bhumidhar get his share separated from a joint holding ? Is there any restriction on this right ? 5

5. (अ) क्या एक भूमिधर बेदखल किया जा सकता है ? यदि हाँ, तो किन आधारों पर ? क्या वह ऐसी बेदखली के बाद प्रतिकर पाने का अधिकारी होगा ? 10

(ब) भूमि प्रबन्धक समिति की शक्तियों और कार्यों का विवेचन कीजिए । 10

(स) गाँव सभा की भूमियों के आबंटन का वरीयता क्रम बताइये । 10

(a) Is a Bhumidhar liable to ejectment ? If yes, on what grounds ? Will he be entitled to compensation on such ejectment ? 10

(b) Discuss powers and functions of Land Management Committee. 10

(c) Describe the order of priority in allotment of lands of Gaon Sabha. 10

## खण्ड – ब

## GROUP – B

6. (अ) चित्त विकृति से सम्बन्धित विधि, जो अभियुक्त को आपराधिक दायित्व से मुक्त करती है, का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये । 20

(ब) अपराध और सिविल दोष में अन्तर स्पष्ट कीजिए । 10

(स) ख को ग का गृह जलाने के लिये क उकसाता है । ख उस गृह को आग लगा देता है और उसी समय वहाँ सम्पत्ति की चोरी करता है । क के आपराधिक दायित्व की विवेचना कीजिए । 10

(a) Critically examine the law relating to unsoundness of mind which exonerates the accused from criminal liability. 20

(b) Distinguish between Crime and Civil Wrong. 10

(c) A instigates B to burn C's house. B sets fire to the house and at the same time commits theft of property there. Discuss the criminal liability of A. 10

7. (अ) क्या इंगलिश कॉमन लॉ के दुराशय (mens rea) के तत्त्वों को अधिनियम में परिभाषित प्रत्येक अपराध, मुख्य रूप से वहाँ, जहाँ इसे एक आवश्यक तत्त्व के रूप में स्पष्टत: वर्णित नहीं किया गया है, में भी स्वीकार किया जाना चाहिये ? निर्णयज विधि की सहायता से विवेचना कीजिये । 15

(ब) आपराधिक मानव वध और हत्या में अन्तर स्पष्ट कीजिये । अन्तर स्पष्ट करते हुये यदि उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्णीत कोई वाद हो तो उसका भी उल्लेख कीजिये । 15

(a) Whether common law requirement of mens rea must be imported into every crime defined in the statute even where it is not expressly mentioned as an ingredient ? Discuss with the help of case law. 15

(b) Distinguish between culpable homicide and murder. If there is any case distinguishing the two decided by the Supreme Court mention that case also. 15

8. (अ) आपराधिक बल की व्याख्या कीजिए और आपराधिक बल तथा हमला में अन्तर स्पष्ट कीजिए । 10

(ब) चोरी और उद्दापन में अन्तर स्पष्ट कीजिए और उदाहरण भी दीजिए । 10

(स) क, एक सिक्का संग्राहक ने, साथी सिक्का संग्राहक की जेब से मुट्ठी भर सिक्के निकाल लिये, परन्तु जब उसने उनका परीक्षण किया तो पाया कि वे सिक्के उसके अपने ही सिक्के थे, जिनकी कि उसके पास से पहले चोरी हुई थी। कारण स्पष्ट करते हुये क के आपराधिक दायित्व को स्पष्ट कीजिए । 10

(a) Explain criminal force and distinguish between criminal force and assault. 10

(b) Distinguish between theft and extortion and give examples also. 10

(c) A, a collector of coins took a fistful of coins from the pocket of a fellow coin collector but when he examined them he found that they were his own coins, which were previously stolen from him. Explain, giving reasons, criminal liability of 'A'. 10

9. (अ) कूट रचना के आवश्यक तत्त्वों की व्याख्या करते हुए मिथ्या दस्तावेज रचना के तत्त्वों की उदाहरण सहित विवेचना कीजिए । 20

(ब) क 1000 (एक हज़ार) रुपये का एक चेक ख से प्राप्त करता है और उस चेक में आगे शून्य जोड़कर नकद भुगतान प्राप्त करने हेतु बैंक में जमा करता है । बैंक अधिकारी ने लिखावट के विषय में कुछ संदेह व्यक्त किया जिस पर क ने चेक वापस ले लिया और उसे नष्ट कर दिया । क के आपराधिक दायित्व का विवेचन कीजिए । 10

(a) Explaining the essential ingredients of forgery, discuss giving illustrations, the essential ingredients of making a false document. 20

(b) A obtains a cheque of Rs. 1,000 (one thousand) from B and after adding a zero he presented it to the bank for being cashed. The bank officer expressed suspicion about the writing. A took the cheque back and destroyed it. Discuss the criminal liability of A. 10

10. (अ) लूट के आवश्यक तत्त्व क्या हैं ? लूट कब डकैती कही जाती है ? यदि उपर्युक्त अपराध करते हुए अपराधी किसी की मृत्यु कारित कर देता है, तो उसे किस अपराध का दोषी माना जायगा ? 15

(ब) ब की हत्या करने के आशय से अ एक खाली गाड़ी पर यह विश्वास करते हुये गोली चलाता है कि उसमें उसका शत्रु ब बैठा हुआ है । क्या अ किसी अपराध हेतु दोषी है ? 10

(स) चोरी और आपराधिक दुर्विनियोग में अन्तर स्पष्ट कीजिए । 5

(a) What are the essential ingredients of robbery ? When does robbery amount to dacoity ? What offence is committed when the offender while committing the above offence causes the death of any person ? 15

(b) A fires at an empty carriage believing it to be occupied by his enemy B. Is A liable for some offence ? 10

(c) Distinguish between theft and criminal misappropriation. 5